>**Title:** Need to provide stoppage of Sarnath and Ahemadabad Express Trains at `BILHA' railway station in Madhya Pradesh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के बिलासपुर जिले का प्रमुख व्यापारिक केन्द्र बिल्हा रेल्वे स्टेशन हैं, जहां से लगभग पांच करोड़ रुपए का राजस्व प्रत्येक वर्ष रेल्वे को प्राप्त होता है। मैं वहां सारनाथ एवम् अहमदाबाद एक्सप्रेस को रोकने की बाबत आपसे निवेदन करना चाहता हूं। बिल्हा रेल्वे स्टेशन पर नागरिकों को आने-जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। सारनाथ एक्सप्रेस तथा बिलासपुर-विशाखापट्टनम की ओर जाने वाली गाड़ी के वहां नहीं रुकने के कारण अहमदाबाद एक्सप्रेस भी नहीं रुकती है। इस कारण उड़ीसा की ओर कोई आने-जाने की सुविधा नहीं है। सारनाथ एक्सप्रेस बनारस- इलाहाबाद दिशा की ओर जाने वाली एकमात्र ट्रेन है, जिससे बहुसंख्यक समाज के सभी सुख-दुख के कार्य इसी दिशा में प्रयागराज इलाहाबाद में सम्पन्न होते हैं। मेरा निवेदन है कि बिल्हा स्टेशन पर सारनाथ एक्सप्रेस और अहमदाबाद एक्सप्रेस का दो मिनट का स्टापेज रखने का काम किया जाए।